
चतुर्थः पाठः

# क्रियापद-परिचयः



बालकः धावति ।




बालकौ धावतः ।




बालकाः धावन्ति ।



त्वम् हससि ।



युवाम् हसथः ।



यूयम् हसथ ।




अहम् पठामि ।




आवाम् पठावः ।




वयम् पठामः ।




बालिका लिखति ।



बालिके धावतः ।




बालिकाः पठन्ति ।



पुष्पम् अस्ति ।




पुष्पे स्तः ।




पुष्पाणि सन्ति ।




मोहनः विद्यालयम् गच्छति ।




बालिके अत्र आगच्छतः ।




वयम् जलम् पिबामः ।




घोटकः धावति ।




घोटकौ धावतः ।




घोटकाः धावन्ति ।



गजः गच्छति ।




गजौ गच्छतः ।




गजाः गच्छन्ति




एतत् किम् अस्ति ?




एतत् फलम् अस्ति ।




एते के स्तः ?



एते फले स्तः ।



एतानि कानि सन्ति ?



एतानि फलानि सन्ति ।

## शब्दार्थः

| | | |
|---|---|---|
| बालकः | = | लड़का |
| बालकौ | = | दो लड़के |
| बालकाः | = | (दो से अधिक) लड़के |
| त्वम् | = | तुम |
| युवाम् | = | तुम दोनों |
| यूयम् | = | तुम सब / तुम लोग |
| अहम् | = | मैं |
| आवाम् | = | हम दोनों |
| वयम् | = | हम / हम सब / हमलोग |
| बालिका | = | (एक) लड़की |
| बालिके | = | दो लड़कियाँ |
| बालिकाः | = | (दो से अधिक) लड़कियाँ |
| पुष्पम् | = | (एक) फूल |
| पुष्पे | = | (दो) फूल |
| पुष्पाणि | = | (अनेक) फूल |
| धावति | = | (एक) दौड़ता है |
| धावतः | = | (दो) दौड़ते हैं |
| धावन्ति | = | (अनेक) दौड़ते हैं |
| हससि | = | (तुम) हँसते हो |
| हसथः | = | (तुम दोनों) हँसते हो |
| हसथ | = | (तुम सब / लोग) हँसते हो |
| पठामि | = | पढ़ता / पढ़ती हूँ |
| पठावः | = | (हम दोनों) पढ़ते हैं |
| पठामः | = | (हम सब) पढ़ते हैं |
| लिखति | = | लिखता है |

| | | |
|---|---|---|
| **अस्ति** | = | है |
| **स्तः** | = | (दो) हैं |
| **सन्ति** | = | हैं |
| **घोटकः** | = | घोड़ा |
| **गजः** | = | हाथी |
| **एतत्** | = | यह |
| **एते** | = | ये दो |
| **एतानि** | = | ये / ये सब |
| **आगच्छति** | = | आता है |

**पुरुष**–संस्कृत क्रियारूपों के प्रसंग में 'पुरुष' की चर्चा होती है । सभी क्रियारूप (धातुरूप) पुरुष और वचन के अनुसार पृथक्-पृथक् होते हैं । तीन पुरुष और तीन वचन से विभक्त होने के कारण प्रत्येक काल (लकार) में नौ-नौ रूप होते हैं।

पुरुष का अर्थ है वक्ता, श्रोता या चर्चित व्यक्ति । वक्ता को उत्तम पुरुष (अहम्, आवाम्, वयम्), श्रोता को मध्यम पुरुष (त्वम्, युवाम्, यूयम्) तथा चर्चित व्यक्ति को प्रथम पुरुष (सः, तौ, ते, अयम्, इमौ, इमे) कहते हैं । पुरुष और वचन का प्रभाव धातुरूपों पर पड़ता है । इसलिए पुरुष-विशेष और वचन- विशेष के कारण क्रियापदों में भेद होता है । नीचे के उदाहरणों में देखें–

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | सः पठति | तौ पठतः | ते पठन्ति |
| | (वह पढ़ता है) | (वे दोनों पढ़ते हैं) | (वे सब पढ़ते हैं) |
| **मध्यम पुरुष** | त्वम् पठसि | युवाम् पठथः | यूयम् पठथ |
| | (तुम पढ़ते हो) | (तुमदोनों पढ़ते हो) | (तुमसब पढ़ते हो) |
| **उत्तम पुरुष** | अहम् पठामि | आवाम् पठावः | वयम् पठामः |
| | (मैं पढ़ता हूँ) | (हमदोनों पढ़ते हैं) | (हमसब पढ़ते हैं) |

**विशेष**–संस्कृत क्रियापदों का प्रयोग सभी लिंगों के लिए एकसमान होता है । इसलिए लड़की के पढ़ने के विषय में भी – सा पठति, त्वम् पठसि (तुम पढ़ती हो), अहम् पठामि (मैं पढ़ती हूँ) इत्यादि प्रयोग होते हैं।

# अभ्यासः

## मौखिकः

**1. उच्चारण करें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | गच्छति | गच्छतः | गच्छन्ति |
| | पठति | पठतः | पठन्ति |
| | लिखति | लिखतः | लिखन्ति |
| | चलति | चलतः | चलन्ति |
| | नृत्यति | नृत्यतः | नृत्यन्ति |
| (ख) | अश्वः | अश्वौ | अश्वाः |
| | मयूरः | मयूरौ | मयूराः |
| | शिक्षकः | शिक्षकौ | शिक्षकाः |
| | पाठकः | पाठकौ | पाठकाः |
| | नर्तकः | नर्तकौ | नर्तकाः |

## लिखितः

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | पठसि | पठथः | पठथ |
| (क) | ...................... | लिखथः | ...................... |
| (ख) | गच्छसि | ...................... | ...................... |
| (ग) | ...................... | हसथः | ...................... |
| (घ) | क्रीडसि | ...................... | ...................... |
| (ii) | खादामि | खादावः | खादामः |
| (क) | चलामि | ...................... | ...................... |
| (ख) | वदामि | ...................... | ...................... |
| (ग) | ...................... | ...................... | पिबामः |
| (घ) | ...................... | हसावः | ...................... |

## 3. सही मिलान करें :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | अहम् | (क) | खादथ |
| (ii) | बालकः | (ख) | खेलामः |
| (iii) | यूयम् | (ग) | पिबन्ति |
| (iv) | बालिकाः | (घ) | कूर्दन्ति |
| (v) | वयम् | (ङ.) | खादसि |
| (vi) | त्वम् | (च) | लिखामि |
| (vii) | गजाः | (छ) | गच्छति |

## 4. इन क्रियापदों से वाक्य बनाएँ :–

| | | |
|---|---|---|
| पठामि | लिखसि | गच्छन्ति |
| हसामः | आगच्छथ | खादावः |

## 5. उचित शब्द से खाली जगहों को भरें :–

**त्वम्, अहम्, बालिका, वयम्, यूयम्**

(क) ..................... क्रीडति ।

(ख) ..................... पठामः ।

(ग) ..................... पिबसि ।

(घ) ..................... वदामि ।

(ङ) ..................... गच्छथ ।

## 6. रिक्त स्थानों में '<u>अस्ति</u>, <u>स्तः</u>, <u>सन्ति</u>' में से उचित क्रियापद भरें :–

**यथा– एकम् पुस्तकम् अस्ति ।**

(क) द्वे पुस्तके ..................... ।

(ख) त्रीणि पुस्तकानि ..................... ।

(ग) एका बालिका ..................... ।

(घ) द्वे बालिके ..................... ।

(ङ) तिस्रः बालिकाः ..................... ।

(च) पञ्च फलानि ..................... ।

(छ) द्वौ हस्तौ ..................... ।

**7. वर्णों को संयोजित करके शब्द लिखें :–**

**(i) यथा – म् + अ + न् + ओ + ह् + अ + र् + अः** **मनोहरः**

(क) स् + अ + ञ् + ज् + अ + य् + अः

(ख) म् + अ + न् + त् + र् + ई

(ग) क् + आ + र् + य् + अ + क् + र् + अ + म् + अः

(घ) द् + ए + व् + ए+ न् + द् + र् + अः

**(ii) अपने पाँच मित्रों के नाम के वर्णों को अलग-अलग करें ।**

**8. निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलें :–**

| | | |
|---|---|---|
| उदाहरण | **सः पठति ।** | **ते पठन्ति ।** |
| (क) | बालकः धावति । | ....................................... । |
| (ख) | पुष्पम् पतति । | ....................................... । |
| (ग) | बालिका वदति । | ....................................... । |
| (घ) | मृगः चरति । | ....................................... । |
| (ङ) | खगः उत्पतति । | ....................................... । |

✦✦✦

पञ्चमः पाठः

# मम परिवारः



इदं मम गृहम् अस्ति । अत्र मम परिवारः निवसति । मम परिवारे अनेके जनाः सन्ति । मम पितामहः वृद्धः अस्ति । स द्वारे एव खट्वायां तिष्ठति । मम पिता माता च गृहमध्ये वसतः । पिता बहिः कार्यं करोति । माता गृहकार्येषु लग्ना भवति । मम एका स्वसा अपि अस्ति । सा विद्यालये पठति । यदा-कदा गृहकार्यम् अपि करोति । अहमपि गृहस्य कार्येषु सहायतां करोमि । विद्यालयं च पठनाय गच्छामि । मम कोऽपि भ्राता नास्ति ।

परिवारे पितृव्यः अपि अस्ति । पितृव्यस्य एका पुत्री अस्ति । सा प्राङ्गणे क्रीडति । सा परिवारस्य प्रिया कन्या अस्ति । मम पिता पितृव्यस्य ज्येष्ठः भ्राता अस्ति । तौ पितामहस्य सेवां कुरुतः । यदा-कदा मम मातुलः अपि आगच्छति । सः कथाः कथयति, अस्माकं मनोरञ्जनं च करोति । वयं सर्वे परिवारे सुखेन निवसामः ।

## शब्दार्थः

| | | |
|---|---|---|
| गृहम् | = | घर |
| अत्र | = | यहाँ |
| पितामहः | = | दादा |
| वृद्धः | = | बूढ़ा |
| द्वारे | = | दरवाजे पर |
| तिष्ठति | = | रहता है / ठहरता है |
| खद्वायाम् | = | खाट पर / में |
| बहिः | = | बाहर |
| स्वसा | = | बहन |
| अपि | = | भी |
| पठनाय | = | पढ़ने के लिए |
| कोऽपि ( कः + अपि ) | = | कोई |
| भ्राता | = | भाई |
| नास्ति ( न + अस्ति ) | = | नहीं है |
| पितृव्यः | = | चाचा |
| प्राङ्गणे | = | आँगन में |
| क्रीडति | = | खेलता/खेलती है |
| प्रिया | = | प्यारी |
| कन्या | = | लड़की |
| ज्येष्ठः | = | बड़ा |
| यदा कदा | = | कभी-कभी |
| मातुलः | = | मामा |
| कथाः | = | कहानियाँ / कहानियों को |
| कथयति | = | कहता/कहती है |
| निवसामः | = | (हम) निवास करते हैं |

# व्याकरणम्

1. विशेषण-विशेष्य सम्बन्ध–जिस लिङ्ग, वचन और विभक्ति में विशेष्य रहता है, विशेषण भी उसी लिङ्ग वचन और विभक्ति में होता है । जैसे–वृद्धः पितामहः । वृद्धा पितामही । नवीनं फलम् (नपुं.) । शोभनं (अच्छा) गृहकार्यम् । ज्येष्ठः भ्राता । कनिष्ठः मातुलः (छोटे मामा) । प्रिया कन्या (प्यारी बेटी) ।

   कुशलाः छात्राः । विशालाय पर्वताय । धनिकः परिवारः । निर्धनाय परिवाराय । विशाले प्राङ्गणे (बड़े आँगन में) ।

2. 'अपि' अव्यय है । जिस शब्द के साथ लगता है उसके अलावा भी कोई है, यह अर्थ देता है । जैसे–अहमपि गच्छामि (मैं भी जा रहा हूँ) । इसका अर्थ है कि कोई दूसरा भी जा रहा है । स्वसा अपि अस्ति–कोई दूसरा व्यक्ति भी है ।

   गृहकार्यम् अपि करोति–गृहकार्य के अलावा भी कुछ करता है । कः + अपि = कोऽपि = कोई । यहाँ 'अपि' अनिश्चय का अर्थ देता है ।

3. (क) जिन शब्दों के अन्त में म् हो, उनके बाद यदि व्यञ्जन से आरम्भ होने वाला शब्द रहे तो म् के स्थान पर अनुस्वार (ं) हो जाता है। जैसे –

| | | |
|---|---|---|
| इदम् + मम | = | इदं मम |
| खट्वायाम् + तिष्ठति | = | खट्वायां तिष्ठति |
| कार्यम् + करोति | = | कार्यं करोति |
| वयम् + सर्वे | = | वयं सर्वे |
| सेवाम् + कुरुतः | = | सेवां कुरुतः । |

ये सभी उदाहरण इसी पाठ से हैं ।

(ख) म् से अन्त होने वाले शब्द के बाद यदि स्वर वर्ण से आरम्भ होने वाला शब्द रहे तो म् में वह स्वर मात्रा बनकर जुड़ जाता है । जैसे –

| | | |
|---|---|---|
| त्वम्+अपि | = | त्वमपि |
| अहम् + आगच्छामि | = | अहमागच्छामि |
| विद्यालयम् + एव | = | विद्यालयमेव |
| पुष्पम् + इव | = | पुष्पमिव (फूल के समान) |
| अयम् + उष्ट्रः | = | अयमुष्ट्रः (यह ऊँट है) |
| गृहम् + अपि | = | गृहमपि |
| सुखम् + अस्ति | = | सुखमस्ति |

## अभ्यासः

### मौखिकः

1. **इन शब्दों का अर्थ बताएँ–**

(क) मातुलः (ख) पितृव्यः (ग) मातामहः

(घ) अनुजः (ङ) स्वसा ।

2. **इनके लिए संस्कृत शब्द बताएँ–**

(क) पिता का भाई (ख) माता का भाई (ग) दादा

(घ) बड़ा भाई (ङ) छोटा भाई ।

3. **सही संस्कृत बताएँ–**

(क) परिवार में (ख) दादा का (ग) आँगन में

(घ) खेलती है (ङ) कहता है ।

4. **इसे पढ़ें –**

पिता माता पितृव्यश्च स्वसा भ्राता पितामहः ।
पितामही मातुलश्च परिवारे वसन्ति ते ॥

5. **'कार्येषु' के आधार पर इन शब्दों के सप्तमी बहुवचन में रूप बताएँ –**

गृह, चक्र, परिवार, प्राङ्गण, सुख ।

### लिखितः

6. **रिक्त स्थानों को कोष्ठ में दिए शब्दों से भरें –**

**(माता, खट्वायाम्, कुरुतः लग्ना, कोऽपि)**

(क) द्वारे सः ............................ तिष्ठति ।

(ख) ...................... गृहकार्येषु ..................... भवति ।

(ग) मम ....................... भ्राता नास्ति ।

(घ) तौ पितामहस्य सेवां ..................... ।

7. इन शब्दों को सुमेलित करें –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | पितृव्यः | (क) | बड़ा भाई |
| (ii) | मातामही | (ख) | माता का भाई |
| (iii) | मातुलः | (ग) | पिता का भाई |
| (iv) | अनुजः | (घ) | नानी |
| (v) | अग्रजः | (ङ) | छोटा भाई |

8. इन शब्दों के द्विवचन और बहुवचन लिखें –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | पितृव्यः | ................ | ................ |
| (ख) | अनुजः | ................ | ................ |
| (ग) | अग्रजः | ................ | ................ |
| (घ) | मातामहः | ................ | ................ |
| (ङ) | परिवारः | ................ | ................ |

9. अपने परिवार के विषय में दो वाक्य संस्कृत में लिखें ।

10. इन शब्दों का वाक्य में प्रयोग करें –

(क) गृहे ................

(ख) खट्वायाम् ................

(ग) करोति ................

(घ) अपि ................

(ङ) क्रीडति ................

11. इन शब्दों का एकवचन में रूप लिखें –

(क) गृहकार्येषु ................

(ख) सन्ति ................

(ग) द्वारेषु ................

(घ) परिवाराः ................

(ङ) धावन्ति ................

✦✦✦

षष्ठः पाठः

# सुभाषितानि

1. परोपकाराय सतां विभूतयः ।
2. उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।
3. सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतः सुखम् ।
4. सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम् ।
5. सम्पत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता ।
6. स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ।
7. सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।
8. न लोभेन समं दुःखं न सन्तोषात् परं सुखम् ।
9. आत्मनः प्रतिकूलानि न परेषां समाचरेत् ।
10. बुभुक्षितः किं न करोति पापम् ।
11. विद्या ददाति विनयम् ।
12. ज्ञानं भारः क्रियां विना ।



## शब्दार्थः

| | | |
|---|---|---|
| सुभाषितानि | = | सुन्दर कथन |
| परोपकाराय | = | दूसरों के उपकार के लिए |
| सताम् | = | सज्जनों का/की/के |
| विभूतयः | = | धन-सम्पत्तियाँ |
| उदारचरितानाम् | = | ऊँचे विचार वालों का |
| वसुधैव | = | (वसुधा+एव) संसार ही |
| सुखार्थिनः | = | सुख चाहने वाले को |
| कुतो (कुतः) | = | कहाँ से/कैसे |
| ब्रूयात् | = | बोलें/बोलना चाहिए |
| महताम् | = | बड़े लोगों का |
| स्वदेशे | = | अपने देश में |
| पूज्यते | = | पूजा जाता है/ आदर पाता है |
| सर्वत्र | = | सभी जगह |
| आत्मनः | = | अपने से |
| प्रतिकूलानि | = | भिन्न/विपरीत/अप्रिय |
| परेषाम् | = | दूसरों का/के लिए |
| समाचरेत् | = | (सम्+आचरेत्) आचरण करें |
| बुभुक्षितः | = | भूखा |
| ददाति | = | देता है/देती है |
| निरामयाः (निर्+आमयाः) | = | नीरोग |
| सर्वे | = | सभी |

## व्याकरणम्

पर + उपकाराय = परोपकाराय ।   वसुधा + एव = वसुधैव ।

सुख + अर्थिनः = सुखार्थिनः ।   विद्या + अर्थिनः = विद्यार्थिनः ।

सत्यम् + अप्रियम् = सत्यमप्रियम् ।

पूज्यते – √पूज् + यक् + लट्लकार

समाचरेत् = सम् + आ + √चर् + विधिलिङ् ।

करोति = √कृ + लट्लकार ।

ददाति = √दा + लट्लकार

## अभ्यासः

### मौखिकः

1. **नीचे लिखे गए भावार्थ को बताने वाले सुभाषित बोलें –**

(क) भूखा व्यक्ति क्या नहीं कर सकता ?

(ख) राजा को अपने देश में सम्मान मिलता है, जबकि विद्वान् सभी जगह पूजे जाते हैं।

(ग) उदार विचार वालों के लिए संसार ही कुटुम्ब है ।

(घ) अपने से विपरीत आचरण दूसरों के लिए न करें ।

(ङ) आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ है ।

(च) महान् व्यक्ति सदा एक-सा रहता है ।

(छ) सज्जनों की सम्पत्ति दूसरों के उपकार के लिए होती है ।

2. **निम्नलिखित शब्दों का अर्थ बताएँ–**

परोपकाराय, कुटुम्बकम्, सुखार्थिनः, निरामयाः, स्वदेशे

3. **लिखे गए सुभाषितों का पाठ करें ।**

### लिखितः

4. **दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखें –**

(क) किसके लिए सम्पूर्ण पृथ्वी परिवार के समान है ?

(ख) विद्या किसे प्राप्त नहीं होती ?

(ग) किस प्रकार की वाणी बोलनी चाहिए ?

(घ) कौन सभी जगह पूजा जाता है ?

(ङ) विद्या से क्या प्राप्त होती है ?

**5. विलोम (विपरीतार्थक) शब्द लिखें –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | सत्यम् | (v) | ज्ञानम् |
| (ii) | प्रियम् | (vi) | पापम् |
| (iii) | सुखम् | (vii) | आत्मनः |
| (iv) | विद्वान् | | |

**6. रिक्त स्थानों को भरें –**

(क) ................................ सतां विभूतयः ।

(ख) विद्वान् ................................ पूज्यते ।

(ग) सर्वे सन्तु ................................ ।

(घ) ................................ परं सुखम् ।

(ङ) विद्या ................................ विनयम् ।

**7. निम्नलिखित शब्दों को सुमेलित करें –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | ज्ञानं भारः | (क) | वसुधैव कुटुम्बकम् |
| (ii) | उदारचरितानां तु | (ख) | क्रियां विना |
| (iii) | स्वदेशे पूज्यते | (ग) | कुतो विद्या |
| (iv) | बुभुक्षितः किं न | (घ) | राजा |
| (v) | सुखार्थिनः | (ङ) | करोति पापम् |

**8. निम्नांकित शब्दों से वाक्य बनावएँ –**

**राजा, विद्वान्, स्वदेशे, सुखिनः, विद्या ।**

# ज्ञानविस्तारः

संस्कृत भाषा में अत्यन्त उपयोगी वाक्यों की अधिकता है । ये जीवन में पालन करने योग्य तो हैं ही इनका प्रयोग किसी भी भाषण, बातचीत या लेख को सुन्दर बना देता है । इन्हें सुभाषित कहते हैं । सुभाषित का अर्थ है– सुन्दर कथन, अच्छी बातें । कहीं कहीं सुभाषित पूरे श्लोक के रूप में हैं और कहीं श्लोक के खण्ड के रूप में हैं । प्रस्तुत पाठ में श्लोकांश के रूप में सुभाषित हैं । इनका भावार्थ इस प्रकार है–

1. सज्जन परोपकार को अपना धर्म समझते हैं । अपनी सारी सम्पत्ति तथा समय को वे परोपकार में लगा देते हैं । विपत्ति में पड़े हुए व्यक्ति की सहायता करना ही परोपकार है ।
2. जो व्यक्ति हृदय से उदार अर्थात् सबको अपना समझने वाले हैं, उन्हें सर्वत्र अपना परिवार ही दिखाई पड़ता है । सारी पृथ्वी उन्हें बन्धु-बान्धव जैसी लगती है । ऐसा सबको होना चाहिए । किसी से वैर-भाव नहीं रखना चाहिए ।
3. विद्या अर्जन करने में सुख-दुःख का विचार नहीं करना चाहिए । विद्यार्थी का जीवन एक तपस्या है । केवल सुख की खोज करने वाला विद्यार्थी नहीं हो सकता ।
4. सत्य को प्रिय वाणी से जोड़ना चाहिये । ऐसा सत्य न बोलें कि किसी को अप्रिय लगे । इसलिए सत्य तथा प्रिय दोनों में समझौता होना चाहिए ।
5. बड़े होने का लक्षण है कि सुख-दुःख में एक समान रहें । सुख के समय अहंकार से भर जायें और विपत्ति के समय कायर या दीन-हीन हो जायें, यह बड़े होने की पहचान नहीं है ।
6. राजा और विद्वान् में अन्तर है । राजा वहीं सम्मानित होता है जहाँ उसका राज्य है । किन्तु विद्वान को उन सभी स्थानों में सम्मान मिलता है जहाँ ज्ञान को आदर दिया जाता है ।
7. भारत के सन्तों की यह मुख्य कामना रहती है कि सभी लोग सुखी और नीरोग रहें । एक-एक व्यक्ति यही चाहता है ।
8. लोभ दुःख का कारण है और सन्तोष सुख देता है ।
9. जो बात हमें प्रतिकूल (कष्टकारक) लगती है वह दूसरों को भी वैसी ही लगती है । इसलिए हम ऐसी बात किसी के प्रति न करें जो उसे कष्ट दे ।
10. भूखा व्यक्ति विवश होता है । वह नियम-विरुद्ध कार्य भी कभी-कभी करने लगता है । इसमें उसकी परिस्थिति का दोष है, अपना नहीं ।
11. विद्या का फल है विनम्रता । सच्चा विद्वान् वही है जो विनम्र हो । उद्दण्डता विद्वान् का लक्षण नहीं है । विद्या में कहीं कमी होने से ही कोई उग्र होता है ।
12. ज्ञान की सार्थकता तभी है जब इसके अनुकूल आचरण किया जाये । आचरण के बिना कोरा ज्ञान व्यर्थ है ।

सप्तमः पाठः

# शश-सिंहकथा



एकस्मिन् वने एकः भयंकरः सिंहः वसति स्म । स वने इच्छानुसारेण पशून् भोजनाय मारयति स्म। अतः सर्वे पशवः भीताः अभवन् । ते मिलित्वा विचारम् अकुर्वन् –

प्रतिदिनम् एकैकः पशुः सिंहस्य भोजनाय स्वयं गच्छतु । स्वविचारं ते सिंहस्य समीपं अस्थापयन्। तदा सिंहः ''आम्' इति अवदत् ।

एवम् एकैकः पशुः सिंहस्य भोजनकाले प्रतिदिनम् अगच्छत् । वने पशवः निश्चिन्ताः अभवन्।

एकस्मिन् दिवसे एकस्य शशस्य वारः आसीत् । सः विलम्बेन सिंहसमीपम् अगच्छत् । तस्य अल्पशरीरेण, विलम्बेन आगमने च सिंहः कुपितः अभवत् । सः अवदत्– रे दुष्ट ! कथं त्वम् एकाकी विलम्बेन च आगतः ? बुद्धिमान् शशः अवदत्– राजन् ! कोपं न कुरु । एकः अन्यः सिंहः मार्गे मिलितः। स गुहायां तिष्ठति ।

सिंहः अवदत्–कुत्र सः ? नय मां तत्र । हनिष्यामि तं दुष्टम् । शशः सिंहं कूपसमीपम् अनयत्। तत्र कूपे स्वच्छायाम् सिंहः अपश्यत् । अन्यं सिंहं मत्वा कोपेन सः कूपे अकूर्दत् । तत्र स कालेन मृतः। एवं शशस्य बुद्धिः सर्वान् पशून् अरक्षत् । अतः कथयन्ति–बुद्धिर्यस्य बलं तस्य ।

## शब्दार्थः

| | | |
|---|---|---|
| एकस्मिन् | = | एक (वस्तु) में |
| वसति स्म | = | निवास करता था |
| पशून् | = | पशुओं को |
| भीता अभवन् | = | डर गये/गयी |
| मिलित्वा | = | मिलकर |
| भोजनाय | = | भोजन के लिए |
| गच्छतु | = | जाय |
| वारः | = | बारी, पारी |
| एकाकी | = | अकेला |
| विलम्बेन | = | विलम्ब से |
| कुपितः | = | क्रोध से भरा हुआ |
| अभवत् | = | हुआ |
| अवदत् | = | बोला |
| कथम् | = | क्यों/कैसे |
| कुरु | = | करो |
| मार्गे | = | रास्ते में |
| हनिष्यामि | = | मार दूँगा |
| तं दुष्टम् | = | उस दुष्ट को |
| कूप-समीपम् | = | कुएँ के पास |
| अनयत् | = | ले गया |
| स्वच्छायाम् (स्व+छायाम्) | = | अपनी परछाईं को |
| अपश्यत् | = | देखा |
| मत्वा | = | समझकर |
| कोपेन | = | क्रोध से |
| अकूर्दत् | = | कूद गया |
| सर्वान् | = | सभी को |

| | | |
|---|---|---|
| कथयन्ति | = | कहते/कहती हैं |
| बुद्धिर्यस्य<br>(बुद्धिः + यस्य) | = | जिसके पास बुद्धि है |

**व्याकरणम्**

| | | |
|---|---|---|
| एकस्मिन् | = | एक (सप्तमी एकवचन (पुं./नपुं.) |
| इच्छानुसारेण | = | इच्छा + अनुसारेण |
| एकैकः | = | एक + एकः |
| निश्चिन्ताः | = | निः + चिन्ताः |
| बुद्धिर्यस्य | = | बुद्धिः + यस्य |
| आसीत् | = | $\sqrt{\text{अस्}}$ + लङ्लकार |
| हनिष्यामि | = | $\sqrt{\text{हन्}}$ + लृट्लकार |
| अकूर्दत् | = | $\sqrt{\text{कूर्द्}}$ + लङ्लकार |
| अगच्छत् | = | $\sqrt{\text{गम्}}$ + लङ्लकार |
| अपश्यत् | = | $\sqrt{\text{दृश्}}$ + लङ्लकार |

## अभ्यासः

### मौखिकः

1. **इन शब्दों का अर्थ बताएँ :–**

   भयंकरः, भोजनाय, पशवः, भीताः, तदा, विलम्बेन, आगतः, सर्वान्, अरक्षत्, बलम् ।

2. **'इच्छानुसारेण' के समान इन शब्दों को जोड़कर बताएँ :–**

   नियम + अनुसारेण, कर्म + अनुसारेण, विद्या + अनुसारेण, समय + अनुसारेण, धर्म + अनुसारेण

3. **इन शब्दों का पंचमी एकवचन में रूप बताएँ –**

**सिंह, शश, शरीर, कूप, बल**

4. **'तत्र' शब्द से युक्त पाँच वाक्य बोलें ।**

## लिखितः

5. **इन वाक्यों में रिक्त स्थानों को सही शब्दों से भरें :–**

(क) एकस्मिन् ............................ एकः भयंकरः सिंहः वसति स्म ।

(ख) सर्वे पशवः ............................ अभवन् ।

(ग) तदा सिंहः ............................ इति अवदत् ।

(घ) सः विलम्बेन सिंहसमीपम् ............................ ।

(ङ) ............................ बलं तस्य ।

6. अधोलिखित वाक्यों को तीन बार लिखें –

(क) जंगल में एक सिंह था – वने एकः सिंहः आसीत्।

(ख) वह इच्छानुसार भोजन करता है –सः इच्छानुसारेण भोजनं करोति।

(ग) गुस्सा मत करो – क्रोधं मा कुरु।

(घ) वह गुफा में रहता है – स गुहायां तिष्ठति।

(ङ) जिसके पास बुद्धि है उसी के पास बल है – बुद्धिर्यस्य बलं तस्य।

7. **इन शब्दों से वाक्य बनाएँ :–**

**भयंकरः, सिंहः, तदा, वने, बुद्धिमान्, कुत्र**

8. **इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ? पाँच वाक्यों में लिखें ।**

9. **इस कहानी के आधार पर कोई कहानी लिखें ।**

**10. निम्नलिखित शब्दों का वर्णविच्छेद करें :–**

जैसे–वने = व् + अ + न् + ए
(व् + अ = व ; न् + ए = ने)

(क) वसति ...................................................... ।

(ख) गच्छतु ...................................................... ।

(ग) भीताः ...................................................... ।

(घ) एकस्मिन् ...................................................... ।

(ङ) राजन् ...................................................... ।

**11. इनका सुमेल करें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | सिंहः | (क) | भीताः |
| (ii) | शशः | (ख) | गर्जति |
| (iii) | पशवः | (ग) | लघुः पशुः |
| (iv) | विचारम् | (घ) | बलम् |
| (v) | बुद्धिः | (ङ) | अकुर्वन् |

12. संस्कृत में अनुवाद करें :–

(क) वह हँसता है ।

(ख) तुम दोनों पढ़ते हो ।

(ग) मैं लिखती हूँ ।

(घ) शाम्भवी दौड़ती है ।

(ङ) महेश जाता है ।